दैनिक
न्याय साक्षी



# बाइक व कार चोरों पर साइबर सेल की बड़ी कार्यवाही : चार आरोपियों के कब्जे से चोरी की 52 दुपहिया और एक कार बरामद

- आरोपियों से 23.20 लाख रुपए की सम्पत्ति बरामद, गिरोह के 5 साथी फरार, पतासाजी जारी
- सक्रिय चोरों ने रायगढ़, जांजगीर, सक्ती व ओडिशा के कई स्थानों से चोरी की है बाइक





**रायगढ़।** शहर में हो रही बाइक चोरियों पर अंकुश लगाने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा द्वारा साइबर सेल प्रभारी उपनिरीक्षक कमल किशोर पटेल और साइबर सेल स्टाफ की मीटिंग लेकर चोरी, नकबजनी, लूट मामलों में संलिप्त रहे आरोपियों को नए सिरे से तस्दीक कर उनकी वर्तमान गतिविधियों एवं जिविका के साधनों का पता लगाकर आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया था। विगत एक सप्ताह से साइबर सेल की टीम जिले के ऐसे आरोपियों एवं संदिग्धों की सूची तैयार कर अपने स्टाफ और मुखबिरों को लगाकर निगाह रखी जा रही थी। इसी बीच कयाघाट जूटमिल में रहने वाले मोहम्मद रजाऊ को मुखबिर सूचना पर साइबर सेल और जूटमिल की पुलिस टीम ने चोरी की एक बाइक बेचने की फिराक में ट्रांसपोर्टनगर के पास पकड़ी। मोहम्मद रजाऊ पूर्व में भी चोरी मामलों में चालान हुआ है। रजाऊ को अभिरक्षा में लेकर साइबर सेल और जूटमिल की टीम उससे अन्य चोरियों के संबंध में कड़ी पूछताछ किया गया जिसमें उसने बताया कि उसके गिरोह में कुल 9 लड़के- जूटमिल के 5 लड़के, ओड़िशा का 1 लड़का और किरोड़ीमलनगर के 3 लड़के के साथ मिलकर पिछले एक डेढ़ माह से रायगढ़, सक्ती, जांजगीर और ओडिशा क्षेत्र में बाइक की चोरी करना बताया और चोरी की बाइकों को सभी लड़के एक-एक कर सस्ते दामों में बेचकर खपा रहे थे, जिसकी तस्दीकी की जा रही है।

आरोपी बताया कि पिछले साल अगस्त माह में मालखरौदा से एक क्विड कार चोरी किए थे जिसे कई माह तक घर में छुपा कर रखे थे। चोरी की क्विड कार का सिमडेगा, झारखंड में सौदा तय होने पर उसके गिरोह के साथी अजय जांगड़े और अजय एक्का कार को चलाते हुए सिमडेगा लेकर गए हैं। तत्काल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर साइबर सेल की टीम आरोपी अजय जांगड़े और अजय एक्का की पतासाजी के लिए कल रात रवाना हुई जिन्हें झारखंड में ट्रैक कर हिरासत में लेकर मय चोरी की क्विड कार के साथ रायगढ़ लाया गया है। आरोपी मोहम्मद रजाऊ से मिली जानकारी पर उसके साथियों की धरपकड़ किया गया जिसमें आरोपी नानू उर्फ राजेंद्र नौरंग को जूटमिल क्षेत्र में दबिश देकर पकड़ा गया है। पुलिस टीम के हाथ आए चार आरोपी- मोहम्मद रजाऊ, अजय जांगड़े, अजय एक्का, और नानू उर्फ राजेंद्र उर्फ नौरंग के कब्जे से छिपा कर रखा हुआ चोरी का कुल 52 नग विभिन्न प्रकार के मोटरसाइकिल तथा एक क्विड कार कुल कीमत रु.23,20,000 का बरामद किया गया है। आरोपियों से जप्त चोरी की मशरूका के संबंध में पुलिस चौकी जूटमिल में दो पृथक-पृथक इस्तगासा धारा 41(1+4)CrPC/379 IPC के तहत कार्यवाही किया गया है। आरोपियों द्वारा बाइक/कार चोरी के अलावा चक्रधरनगर व अन्य स्थानों में मकानों में भी चोरी करना बताया गया है, संबंधित थाना प्रभारियों को कार्यवाही के लिए सूचित किया गया है। आरोपी के 5 फरार साथी क्रमश: जूटमिल का 1, किरोड़ीमलनगर के 3 और उड़ीसा के 1 युवक की साइबर सेल की टीम पतासाजी में लगी हुई है। गिरफ्तार आरोपियों ने नशा और ऑलिशान जीवन यापन करने के लिए बाइक चोरी करना बताये। तरीका वारदात के संबंध में आरोपी बाइक के हैंडल को तोड़कर, बाइक डायरेक्ट कर और मास्टर चाबी का उपयोग कर वाहनों चोरी करना बताये हैं। बरामद दुपहिया वाहनों के संबंध में जिले के सभी थाना, चौकी एवं अंतराल के जिलों को अवगत कराया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा के मार्गदर्शन पर साइबर सेल/चौकी प्रभारी जूटमिल उपनिरीक्षक कमल किशोर पटेल तथा उनके साइबर सेल एवं जूटमिल पुलिस की माल मुल्जिम पतासाजी में सराहनीय भूमिका रही है।

**गिरफ्तार आरोपी –**

(1) मोहम्मद रजाऊ पिता मोहम्मद सहदद उम्र 34 साल निवासी मिठ्ठुमुड़ा इंदिरा नगर वार्ड नंबर 35 चौकी जूटमिल रायगढ़

(2) अजय जांगड़े पिता मोहर साय जांगड़े उम्र 30 साल निवासी कांशीराम चौकी चौकी जूटमिल

(3) अजय एक्का पिता नोहर एक्का उम्र 32 साल निवासी अशोक विहार कॉलोनी ढिमरापुर जिला रायगढ़

(4) नानू उर्फ राजेंद्र नौरंग पिता जवाहर उर्फ जोहरी लाल नौरंग उम्र 24 साल निवासी कया घाट बजरंगबली चौक चौकी जूटमिल रायगढ़

आरोपियों से जप्त मशरूका- 52 नग दुपहिया वाहन (मोटर सायकल+स्कुटी) एवं 1 बिना नंबर प्लेट रेनो क्विड कार कुल

## महत्वपूर्ण एवं खास

### जिला स्तरीय निशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन कल

**रायगढ़।** उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तरीय नि:शुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन 23 जनवरी 2023 को जिला आयुर्वेद चिकित्सालय परिसर पंजरी प्लांट रायगढ़ में प्रात: 10 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक रायगढ़ प्रकाश नायक, जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, महापौर जानकी काटजू, सभापति नगर निगम जयंत ठेठवार उपस्थित रहेंगे। शिविर में नि:शुल्क आयुर्वेद और होम्योपैथी चिकित्सा शिविर और औषधी वितरण किया जाएगा। साथ ही क्षारसूत्र पद्धति से बवासीर रोगियों का परीक्षण कर इलाज किया जाएगा। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.मीरा भगत ने समस्त जिलेवासियों को नि:शुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला का लाभ उठाने हेतु आग्रह किया है।

### पांच दिवसीय योग प्रदर्शन एवं योग शिविर 23 जनवरी तक

**रायगढ़।** संचालनालय आयुष रायपुर आदेशानुसार आयुष विभाग रायगढ़ जिले के अंतर्गत संचालित 08 आयुष हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर-महापल्ली, रायगढ़, पटेलपाली, तरकेला, बुनगा, कींदा, समकेरा एवं भेड़वन तथा योगा वेलनेस सेंटर जिला मुख्यालय रायगढ़ में 05 दिवसीय योग प्रदर्शन एवं योग शिविर का आयोजन दिनांक 19 से 23 जनवरी 2023 तक योग प्रशिक्षकों द्वारा किया जा रहा है।

### जवाहर नवोदय विद्यालय: समानान्तर प्रवेश परीक्षा 11 फरवरी को

**रायगढ़।** जवाहर नवोदय विद्यालय भूपदेवपुर जिला-रायगढ़ में कक्षा 9 वीं में रिक्त सीटों के लिए समानान्तर प्रवेश परीक्षा 23 का आयोजन 11 फरवरी 2023 को होगा। परीक्षार्थी संस्था से प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते है।

## ग्राम खलबोरा में बिरहोर समुदाय के लोगों का किया गया निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण



**रायगढ़।** जिले के विकासखंड धरमजयगढ़ अंतर्गत ग्राम खलबोरा में विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर समुदाय के 0 से 1 वर्ष के 7 बच्चे, 1 से 5 वर्ष तक के 17 बच्चे, 6 से 15 वर्ष तक के 26 बच्चे, 15 से 18 वर्ष आयु वर्ग के 12 बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण सह दवा वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी मधुलिका सिंह ठाकुर द्वारा फल, बिस्किट, ब्रश, टूथपेस्ट, हेन्डवास हेतु किट, स्लीपर, मल्टीविटामिन, कैल्शियम, आयरन टेबलेट एंटीबायोटिक क्रीमिनाशक एल्बेंडाजोल एवं सर्दी खांसी हेतु दवाईयों का आवश्यकतानुसार वितरण किया। साथ ही जन समुदाय को स्वास्थ्य शिक्षा एवं शासन की महत्वकांक्षी योजनाओं के प्रति जनजागरूक किया गया एवं योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लिये जाने हेतु अपील की गई। इस दौरान जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.भानु प्रताप पटेल एवं धर्मजयगढ़ खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.बी.एल.भगत तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विकासखण्ड धरमजयगढ़ के स्वास्थ्य कर्मचारियों एवं बिरहोर जनजाति के मुखिया केन्दालाल बिरहोर व समस्त ग्रामीण जनों का विशेष सहयोग रहा।

## चरित्र संदेह पर पत्नी की हत्या, छाल पुलिस ने पत्नीहंता को गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर



**रायगढ़।** कल 20 जनवरी 2023 को थाना छाल के ग्राम बेहरामार में रहने वाले पूरन चंद्र बेहरा द्वारा थाना प्रभारी छाल उपनिरीक्षक भागवत प्रसाद डहरिया को मोबाइल से गांव के भवन बरेठ द्वारा उसकी पत्नी हिन्ताबाई बरेठ को चाकू (छुरी) से मारकर हत्या करने की सूचना दिया गया। गंभीर वारदात की सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी छाल वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित कर अपने स्टाफ के साथ ग्राम बेहरामार मौके पर पहुंचे। मोबाइल पर मिली सूचना सही पाया गया बेहरामार में रहने वाली हिन्ता बरेठ कि उसके पति द्वारा चाकू से गला रेत कर नृशंस हत्या किया गया था। पुलिस टीम सुरक्षा उपाय अपनाते हुए आरोपी भवन बरेठ को हिरासत में लिया गया जिससे वारदात में प्रयुक्त लोहे का कट्टानुमा हथियार बजनदार छुरी (चाकू) को आरोपी के निशानदेही पर उसके आंगन में रखे बर्तन के नीचे से बरामद कर जप्त किया गया है।

घटना के संबंध में मृतका हिन्ताबाई बरेठ (25 साल) के परिजनों से पूछताछ में जानकारी मिली कि आरोपी भवन बरेठ पिता स्वर्गीय उग्रसेन बरेठ उम्र 31 साल निवासी बेहरामार थाना छाल उसकी पत्नी पर चरित्र संदेह करता था। कल 20/01/2023 के दोपहर खाना नहीं बनाने की बात को लेकर दोनों पति-पत्नी के बीच झगड़ा हुआ और इसी झगड़े के बीच आरोपी उसकी पत्नी को धारदार छुरी से गला रेत कर और शरीर में कई जगह चोट पहुंचा कर हत्या कर दिया और गांव से ट्रक में बैठकर भाग गया था। छाल पुलिस आरोपी भवन बरेठ की पतासाजी कर हिरासत में लिया गया। सूचनाकर्ता पूरन बरेठ की रिपोर्ट पर आरोपी भवन बरेठ पर हत्या का अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर धरमजयगढ़ न्यायालय न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। एसएसपी अभिषेक मीणा के एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा के दिशा-निर्देशन एवं एसडीओपी खरसिया निमिषा पाण्डेय के मार्गदर्शन में आरोपी पतासाजी, गिरफ्तारी में थाना प्रभारी छाल उप निरीक्षक बी.एस. डहरिया के हमराह प्रधान आरक्षक शंभु खैरवार, आरक्षक हरेन्द्र पाल सिंह जगत, गोविंद बनर्जी, दिलीप सिदार, महेन्द्र पाण्डेय की प्रमुख भूमिका रही है।

## विकास खंड के समस्त शालाओं में 'जम्मो पढ़बो मिल जुर के' कार्यक्रम का हुआ आयोजन, जिले में एसएमसी की तृतीय मासिक बैठक संपन्न



रायगढ़। राज्य कार्यालय के निर्देशानुसार रायगढ़ जिले में भी शाला प्रबंधन समिति की आवश्यक बैठक जिले के सभी स्कूलों में आयोजित किया गया। बैठक के लिए पूर्व में समिति के सदस्यों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पालको एवं माताओं को भी आमंत्रित किया गया था। बैठक के दौरान राज्य कार्यालय एवं जिला कार्यालय द्वारा दिये गए 22 बिंदुओं पर शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा गहन विचार विमर्श किया गया। इस दौरान पूर्व में लिए गए बैठक की गई कार्यवाही का फिड बैक समिति के सदस्यों द्वारा लिया गया।

रायगढ़ जिले के सभी विकास खंडों के समस्त शालाओं में रायगढ़ जिले की अभिनव पहल जम्मो पढ़बो मिल जुर के कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ। विदित हो कि राज्य कार्यालय के निर्देश के परिपालन में 20 जनवरी 2023 को रायगढ़ जिले के समस्त विकासखंडों के सभी शालाओं में शाला प्रबंधन समिति की तृतीय मासिक बैठक का भी आयोजन कराया गया। जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़ बी.बाखला के निर्देशन में रायगढ़ जिले में शाला प्रबंधन समिति की तृतीय मासिक बैठक के साथ-साथ रायगढ़ जिले की अभिनव पहल एक दिवसीय पठन जम्मो पढ़बो मिल जुर के कार्यक्रम के अंतर्गत शाला प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों के साथ-साथ पालकों, माताओं एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया था। इसके लिए हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी शालाओं के उपलब्ध पुस्तकालय एवं प्राथमिक व माध्यमिक शालाओं के मुस्कान पुस्तकालय की पुस्तकों का उपयोग करते हुए जम्मो पढ़बो मिल जुर के कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय पठन कराया गया। उक्त कार्यक्रम के आयोजन हेतु जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय रायगढ़ से विस्तृत दिशा-निर्देश भी जारी किए गए थे। जिसके अंतर्गत शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ बच्चों के माध्यम से पालकों व स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जा कर एक-एक पुस्तक पढ़ने हेतु प्रेरित किया जाना था। इसके लिए रायगढ़ जिले के समस्त शालाओं में पूर्व व्यापक तैयारी के अंतर्गत पुस्तकों की व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, पानी की व्यवस्था, वितरण पंजी, जैसे मूलभूत चीजों की पूरी तैयारी कर ली गई थी। साथ ही साथ जिला कार्यालय द्वारा गूगल डाक में संकुल वार जानकारी की प्रविष्टि करते हुए कार्यक्रम के दौरान फोटो वीडियो लेते हुए उच्च कार्यालय को प्रतिवेदन प्रेषित किया जाना का भी निर्देश दिया गया था।

## तन को स्व-रक्षा के लिये असमता बचाव स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन



**रायगढ़।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखण्ड पुसौर के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पुटकापुरी में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर के निर्देशानुसार एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ.बी.के चन्द्रवंशी के मार्गदर्शन में कुछ मरीज के तन को स्व- रक्षा के लिये असमता बचाव स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के 40 कुष्ठ मरीज, जांच कराने आये जिसमे 10 ट्राफिक अल्सर, 8 न्यूराइटिस हाथ की अंगुलियों का रेढ़ापन वाले मरीजों को जल, तेल-उपचार से उपचारित कर आवश्यकतानुसार टब, एमसीआर चप्पल का वितरण किया गया एवं स्व-रक्षा हेतु स्वास्थ्य शिक्षा की जानकारी दी गयी। कैम्प में उद्धव पटेल प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, एमएम पटनायक कुष्ठ प्रभारी, पटेल, एनएमए जिला कुष्ठ अधिकारी की टीम आर.एस.पटेल, एमपी साहु एवं डेमियन फाउण्डेशन इंण्डिया ईस्ट रायगढ़ की प्रभारी दिलिप गोप, क्षेत्र को समस्त सीएचओ, एमएसआरएचनो का सहयोग रहा। शिविर में 4 पीजी एवं 1 एमबी केश चिन्हांकित किया गया।

## कृषि विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित



**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी के निर्देशानुसार उप संचालक कृषि कार्यालय सारंगढ़-बिलाईगढ़ में समस्त कृषि विभाग के मैदानी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिसमें संयुक्त कलेक्टर डॉ.स्निग्धा तिवारी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना में समस्त पात्र किसानों को इनएक्टिव होने से नाराजगी जाहिर करते हुए शीघ्रता से उन्हें पात्र करने हेतु निर्देशित किया। संयुक्त कलेक्टर डॉ.तिवारी ने मिलेट मिशन की समीक्षा करते हुए रागी क्षेत्र विस्तार हेतु विशेष अभियान चला कर तय लक्ष्य 500 हेक्टेयर से अधिक प्रगति लाने हेतु निर्देशित किया। साथ ही गोधन न्याय योजना की समीक्षा करते हुए नियमित गोबर खरीदी, खाद कन्व्वजेंस, स्वावलंबी गौठानों से प्राप्त राशि लाभांश का उपयोग गोबर खरीदी में करने, पैरा संग्रहण का लक्ष्य शीघ्र पूरा करने, गोमूत्र उत्पादन विक्रय में विशेष ध्यान देने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने आगामी 23 जनवरी को शासन के निर्देशानुसार सभी पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन करने के निर्देश दिए। जिसमें मिलेट्स फसलों जैसे रागी बाजरा आदि के आर्थिक और पोषण संबंधी गुणों के बारे में विस्तार से जानकारी देना है।

बैठक में उपसंचालक कृषि पैंकरा एस.एस.पैकरा, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी सारंगढ़ एस. एक्का, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी बरमकेला बसंत नायक, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी बिलाईगढ़ पी. के.घृतलहरे, सुपरवाइजर अपैक्स बैंक धनेंद्र पटेल, समस्त कृषि विकास अधिकारीगण एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी उपस्थित रहे।

## नक्सलियों ने पुलिया निर्माण में लगे दो वाहनों को किया आग के हवाले



**सुकमा (आरएनएस)।** जिले के चिंतलनार से करीब 02 किलोमीटर की दूरी पर स्थित कोत्तागुड़ा मार्ग पर पुलिया निर्माण कार्य में लगे 02 वाहनों को नक्सलियों ने आग के हवाले कर दिया है। हालांकि आगजनी के दौरान किसी भी जनहानि की खबर घटना स्थल से सामने नहीं आई है। सुकमा एसपी सुनील शर्मा ने आगजनी की पुष्टि करते हुए बताया कि नक्सलियों ने आगजनी की है, सुरक्षाबल के जवानों को घटनास्थल के लिए रवाना कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के नक्सल प्रभावित कोत्तागुड़ा सडक़ पर पुलिया निर्माण का कार्य चल रहा था, इस सडक़ निर्माण कार्य में पिकअप वाहन और ट्रेक्टर के माध्यम से ठेकेदार द्वारा काम करवाया जा रहा था। इसी दौरान शनिवार की दोपहर में आधे दर्जन की संख्या में पहुंचे नक्सलियों ने पुलिया निर्माण कार्य मे लगे वाहनों से ही डीजल निकालकर दिन-दहाड़े वाहनों को आग के हवाले कर दिया, और नक्सली जंगल की ओर फरार हो गए।

### ग्राम भटबेड़ा में 4 नक्सल स्मारक किया गया ध्वस्त



**नारायणपुर (आरएनएस)।** जिले में नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत थाना ओरछा से नक्सलियों के उपस्थिति की आसूचना प्राप्त हुई थी, उक्त आसूचना पर नारायणपुर एसपी सदानंद कुमार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (नक्सल अभियान) पुष्कर शर्मा के मार्गदर्शन में उक्त अभियान अंतर्गत डीआरजी जिला बल एवं छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल की संयुक्त टीम ग्राम भटबेडा की ओर रवाना किया गया था, टीम के द्वारा आज ग्राम भटबेड़ा में नक्सल स्मारक देखा गया, जिसे नक्सल उन्मूलन अभियान में शामिल जवानों के द्वारा सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से 04 नक्सली स्मारक को ध्वस्त किया गया है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480